स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग से आकर्षक लग रही पावर हाउस अंडरब्रिज

भिलाई नगर । नगर निगम प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के मुताबिक स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने प्रयासरत है। वही स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत अधिक से अधिक अंक हासिल करने की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर की प्रमुख सड़कों के डिवाइडर का मरम्मत, चौक-चौराहे और अंडरब्रिज का रंगरोंगन सहित सौंदर्यीकरण करवाई जा रही है। दीवारों पर पेटिंग्स और स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में नंदनी रोड के डिवाइडर की रंगाई पुताई करवाई जा रही है! बता दें कि नंदनी रोड के सौंदर्यीकरण के लिए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम सीमा क्षेत्र से लगे हुए एसीसी जामुल के प्रबंधक को पत्र प्रेषित किया था , तथा निगम आयुक्त ने जल्द ही कार्य प्रारंभ करने कहा था जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है और डिवाइडर की पुताई मनमोहक रूप में की जा रही है! स्वच्छता संबंधी पैंटिंग से आर्कषक लग रही है पावर हाउस अंडरब्रिज पेटिंग्स और चित्रकारी से पावर हाउस का अंडरब्रिज चमक उठी है। स्वच्छ भारत मिशन , भारतीय रेल, शिक्षित भारत, स्वस्थ भारत जैसे पेटिंग्स से अंडरब्रिज की दीवारें आकर्षक लग रही है। निगम प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत , स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई की परिकल्पना को साकार करने के लिए कई सारे कदम उठाए हैं ! इसी कड़ी में अंडरब्रिज की दीवारों का रंगरोगन भी किया जा रहा है। कलाकारों को स्वच्छता से जुड़े पेटिंग्स और स्लोगन लिखने कहा गया है। कलाकारों ने अब तक अंडरब्रिज की दीवारों पर चित्र के माध्यम से कोरोना महामारी से बचाव के लिए चेहरे पर मास्क जरूरी, सोशल डिस्टेसिंग, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति जैसे कई चित्र बनाई गई है।